आ जाओ भोले बाबा मेरे हिंदुस्तान में

आ जाओ भोले बाबा मेरे हिंदुस्तान में,
तेरा डम डम डमरू बाजेगा सारे जहान में.....

भोले तुम्हारे शीश पर चंदा विराजे हैं,
चंदा चमका दो बाबा, खुले आसमान में,
आ जाओ भोले बाबा......

भोले जटाओं में तेरी गंगा बिराजे है,
गंगा बहा दो बाबा, भारत महान में,
आ जाओ भोले बाबा......

भोले तुम्हारे कंठ में सर्पों की माला है,
नागो को तुम लहरा दो, गंदी जुबान में,
आ जाओ भोले बाबा......

भोले तुम्हारे हाथ में डमरू बिराजे है,
डमरु बजा दो बाबा, गीतों की तान में,
आ जाओ भोले बाबा......

बोले तुम्हारे तन पर मृगछाला सोहे हैं,
मृगछाला हमको दे दो, शिवनाथ दान में,
आ जाओ भोले बाबा......

भोले तुम्हारे चरणों में नंदी विराजे है,
अब आओ बैठ जाओ अपने स्थान में,
आ जाओ भोले बाबा......

गीतकार और गायक -राजेंद्र प्रसाद सोनी

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/32864/title/aa-jao-bhole-baba-mere-hindustan-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |